>

Title: Need to set up Special Economic Zone in Darjeeling.

श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग): अध्यक्ष महोदय, मेरे क्षेत्र में रोजगार हेतु मल्टी इंडस्ट्रीज इकोनॉमिक जोन के निर्माण के विषय पर आपका और सदन का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं । आप भारत के किसी भी बड़े शहर में जाएं, वहां आईटी या आईटीएस कंपनी में देखेंगे तो दार्जिलिंग, सिलीगुड़ी और नार्थ ईस्ट के बहुत सारे लोग काम करते हुए मिलेंगे, चाहे गुड़गांव, नोएडा, बेंगलुरु, हैदराबाद या पुणे हो । दार्जिलिंग एक तरह से एजुकेशन हब है । यहां टैलेंट की कोई कमी नहीं है । यह क्षेत्र टैलेंटेड युवाओं से भरपूर है, लेकिन दूसरी तरफ बेरोजगारी की मार काफी समय से चल रही है । पढ़े-लिखे युवा रोजगार की तलाश में परिवार और बूढ़े मां-बाप से दूर शहर की तरफ पलायन करने के लिए मजबूर हैं । अगर मेरे संसदीय क्षेत्र में सिलीगुड़ी के पास एसईजेड जोन विकसित होता है तो इससे जॉब और एम्प्लाएमेंट का क्रिएशन होगा और ब्रेन ड्रेन रोका जा सकेगा । यहां भरपूर मात्रा में टैलेंट मौजूद है, यह देश के हित में काम आएगा और वैस्ट बंगाल की खराब आर्थिक स्थिति को सुधारने का मौका मिलेगा । दार्जिलिंग लोक सभा क्षेत्र रेल मार्ग, एयर कनैक्टिविटी और रोड कनैक्टिविटी की दृष्टि से बहुत अच्छा है ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को कहना चाहता हूं कि एसईजेड जोन सिलिगुड़ी के आसपास विकसित किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष: *m02 **कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल** को श्री राजू बिष्ट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।